www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
12 अक्तूबर 2022, नोएडा, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

महानायक अमिताभ बच्चन ने मनाया 80वां जन्मदिन

यमुना सिटी में दिसंबर तक 3876 खरीदारों को घर का तोहफा

अच्छी खबर

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में दिसंबर तक 3876 खरीदारों का घर का सपना पूरा हो जाएगा। इन खरीदारों की रजिस्ट्री हो जाएगी। प्राधिकरण क्षेत्र में अभी नौ हजार से अधिक फ्लैट का निर्माण कार्य अधूरा है। प्राधिकरण इनका काम तेज कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

यमुना प्राधिकरण में 29 बिल्डर (सीधे आवंटी और सबलेसी मिलाकर) को ग्रुप हाउसिंग के लिए जमीन आवंटित हुई थी। 15 बिल्डर परियोजनाओं में 21 हजार से अधिक फ्लैट बिके हैं। इनमें बहुत खरीदारों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। यमुना प्राधिकरण बिल्डर से परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए कह रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर तक 3876 खरीदारों की रजिस्ट्री हो जाएगी। यह तय किया गया है कि बिल्डर इनका काम पूरा करते हुए खरीदारों को कब्जा देंगे। इसको लेकर प्राधिकरण निगरानी भी कर रहा है।

यमुना प्राधिकरण में नौ हजार से अधिक फ्लैट अधूरे पड़े हैं। इसमें एमराल्ड प्रमोर्ट्स में 115, सुपरटेक टाउनशिप प्रोजेक्ट में 1504, ओएसिस रियलटेक में 701, थ्रीसी होम्स में 502, ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर में 94, एटीएस रियिलिटी में 704, आईआईटीएल निम्बस में 643, सुपरटेक में 2265 और जेपी एसोसिएट्स में 2854 यूनिट शामिल हैं। इन यूनिट को पूरा कराने के लिए कवायद चल रही है।

> यीडा क्षेत्र के बिल्डर प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदारों को जल्द कब्जा मिलेगा। जो बिल्डर काम नहीं कर रहे, उनका आवंटन निरस्त किया जा रहा है। खरीदारों के हित सर्वोपरि हैं।
>
> **-डॉ अरुण वीर सिंह,** सीईओ यमुना प्राधिकरण

> यह एक बहुत ही सकारात्मक पहल है। इसके तहत साल के अंत तक एक बड़ी तादात में पूरे हो चुके घर ग्राहकों को सौंप दिए जाएंगे। यह महत्वपूर्ण कदम यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में उछाल लाने में कारगर साबित होगा। जेवर हवाई अड्डा आने के पश्चात यह प्रीमियम रिएलिटी डेस्टिनेशन बन गया है।
>
> **-मनोज गौड़,** प्रेसिडेंट क्रेडाई एनसीआर

बिल्डर पर करीब सात हजार करोड़ रुपये बकाया : यमुना प्राधिकरण का बिल्डर पर करीब सात हजार करोड़ रुपये बकाया है। इसमें 1500 करोड़ अतिरिक्त मुआवजे की राशि है। बकाया भुगतान नहीं करने पर प्राधिकरण ने 14 बिल्डर का आवंटन निरस्त कर दिया है। इन बिल्डर की 47 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। इसमें कुछ बिल्डर ने अदालत चले गए हैं। अदालत की आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इनका आवंटन हुआ निरस्त : यमुना प्राधिकरण ने बकाया होने के चलते तीन सालों में 14 बिल्डर का आवंटन निरस्त किया है।

झुग्गी खाली नहीं करने पर सख्ती

नोएडा। फ्लैट पाने के बाद भी लोग झुग्गियों से कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे करीब 150 लोग हैं। नोएडा प्राधिकरण ने इन लोगों को अंतिम चेतावनी देते हुए झुग्गी खाली करने के लिए 20 अक्तूबर तक का समय दिया है। इसके बाद फ्लैट का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा।

आवंटित किए जा चुके 293 फ्लैट के मुकाबले करीब 100 लोगों ने ही झुग्गी खाली कर फ्लैट पर कब्जा लिया है। बाकी ने न झुग्गी खाली की है और न ही फ्लैट पर कब्जा लिया है। ओएसडी अविनाश त्रिपाठी का कहना है कि झुग्गी खाली करने के लिए 20 अक्तूबर का समय दिया गया है। इसके बाद आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।